# 3. पृथ्वी की आन्तरिक संरचना

1. पृथ्वी की आन्तरिक संरचना के सम्बन्ध में सर्वाधिक महत्वपूर्ण जानकारी का स्रोत क्या है ?
(a) अप्राकृतिक साधन (b) भूकम्प विज्ञान
(c) ज्वालामुखी क्रिया (d) प्लेट विवर्तनिकी

2. सियाल, सीमा तथा निफे के रूप में भूगर्भ का विभाजन किसके द्वारा किया गया है ?
(a) वैन डर ग्रैट द्वारा (b) डेली द्वारा
(c) होम्स द्वारा (d) स्वेस द्वारा

3. पृथ्वी के धरातल से केन्द्र की ओर निम्नलिखित का सही क्रम क्या होगा ?
I. सीमा II. सियाल III. निफे
कूट :
(a) I, II, III (b) II, I, III (c) I, III, II (d) III, II, I

4. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?
(a) सियाल में ग्रेनाइट एवं नीस जैसी चट्टानों की प्रधानता है।
(b) सीमा का निर्माण मुख्यतः बेसाल्ट एवं गैब्रो जैसी चट्टानों से हुआ है।
(c) क्रोड में निकेल एवं लोहा जैसे तत्वों की अधिकता है।
(d) उपर्युक्त सभी

5. भूपृष्ठ की किस परत में बैसाल्ट चट्टानों की अधिकता है ?
(a) सियाल (b) सीमा (c) निफे (d) किसी में नहीं

6. पृथ्वी के किस भाग में निकेल और लोहा की प्रधानता है ?
(a) सियाल (b) सीमा (c) निफे (d) किसी में नहीं

7. पृथ्वी की सबसे ऊपरी परत के लिए सर्वप्रथम 'सियाल' (SiAl) शब्द का प्रयोग किसने किया ?
(a) होम्स (b) स्वेस (c) जेफरीज (d) डेली

8. पृथ्वी की तीन संकेन्द्री परतों में ऊपर से दूसरी परत का नाम क्या है ?
(a) सियाल (b) सीमा (c) निफे (d) इनमें से कोई नहीं

9. पृथ्वी के केन्द्र में पाया जाने वाला चुम्बकीय पदार्थ है—
(a) ग्रेनाइट (b) बैसाल्ट (c) निकेल (d) डायोराइट

10. स्वेस ने पृथ्वी के आन्तरिक भाग को तीन भागों में बाँटा था। उनके विभाजन में नहीं है—
(a) सियाल (b) सीमा (c) निफे (d) सबस्टैटम

11. स्थल मण्डल का तात्पर्य है—
(a) पृथ्वी का आन्तरिक भाग (b) पृथ्वी का मध्यवर्ती भाग
(c) पृथ्वी का ऊपरी भाग (d) पृथ्वी की बाह्य पपड़ी

12. स्थल मण्डल की मोटाई भूकम्पीय तरंगों के आधार पर कितनी मापी गयी है ?
(a) 105 किमी (b) 100 किमी (c) 200 किमी (d) 80 किमी

13. निम्नलिखित में से किस परत को बेरीस्फीयर कहा जाता है ?
(a) वायुमण्डल का सबसे ऊपरी परत
(b) पृथ्वी की सबसे ऊपरी परत
(c) पृथ्वी की सबसे आन्तरिक परत
(d) पृथ्वी की मध्यवर्ती परत

14. धरातल से भूगर्भ की ओर जाने पर गहराई के साथ तापमान वृद्धि की दर क्या है ?
(a) 1°C प्रति 165 मीटर (b) 1°C प्रति 165 फीट
(c) 1°C प्रति 32 मीटर (d) 1°C प्रति 32 फीट

15. पृथ्वी की आन्तरिक संरचना के अनुसार भूगर्भ का विभाजन भू-पटल, मेंटल तथा कोर में किया गया है। यह विभाजन किसका है ?
(a) होम्स (b) जैफरीज (c) डेली (d) ग्रांट

16. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
   (a) भू-पटल (The crust) की औसत मोटाई लगभग 33 किमी है।
   (b) महाद्वीपीय भाग में भू-पटल की मोटाई अधिक है जबकि महा-सागरीय भाग में यह छिछला है।
   (c) महाद्वीपीय भू-पटल मुख्यतः ग्रेनाइट चट्टानों से निर्मित है।
   (d) महासागरीय भू-पटल की तुलना में महाद्वीपीय भू-पटल का घनत्व अधिक है।

17. महासागरीय सतह का निर्माण किस प्रकार की चट्टानों से हुआ है ?
   (a) ग्रेनाइट (b) बैसाल्ट
   (c) परतदार (d) गैब्रो

18. मेंटल के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
   (a) इसकी गहराई 35 किमी० से 2900 किमी० तक है।
   (b) इसका सम्पूर्ण भाग प्लास्टिक की अवस्था में है।
   (c) पृथ्वी के आयतन का 83.5% एवं द्रव्यमान का 67.8% भाग मेंटल है।
   (d) इसका घनत्व 3.0 से लेकर 5.5 तक है।

19. स्थलमण्डल (Lithosphere) में सम्मिलित है—
   (a) केवल ऊपरी भू-पटल
   (b) ऊपरी भू-पटल तथा निचली भू-पटल दोनों
   (c) ऊपरी भू-पटल, निचली भू-पटल तथा मेंटल का ठोस ऊपरी भाग
   (d) इनमें से कोई नहीं

20. स्थलमण्डल का विस्तार कितने किमी० की गहराई तक है ?
   (a) 80 किमी० (b) 100 किमी०
   (c) 180 किमी० (d) 200 किमी०

21. निम्न में से किसको व्हाइट ऑफ द अर्थ कहा जाता है ?
   (a) क्रस्ट (Crust) (b) मेंटल (Mantle)
   (c) कोर (Core) (d) इनमें से कोई नहीं

22. मेंटल में निम्नलिखित में से किन तत्वों की प्रधानता होती है ?
   (a) सिलिका और मैंगनीज (b) सिलिका और ऐलुमिनियम
   (c) सिलिका और मैग्नीशियम (d) सिलिका और लोहा

23. पृथ्वी के कुल द्रव्यमान का लगभग कितना प्रतिशत मेंटल (Mantle) में पाया जाता है ?
   (a) 32% (b) 52% (c) 68% (d) 83%

24. मोहो असम्बद्धता स्थित है—
   (a) क्रस्ट तथा मेंटल के बीच
   (b) ऊपरी मेंटल तथा निचली मेंटल के बीच
   (c) मेंटल एवं कोर के बीच
   (d) आन्तरिक मेंटल तथा वाह्य मेंटल के बीच

25. पृथ्वी के कोर (Core) में किस तत्व की प्रधानता होती है ?
   (a) सिलिका एवं ऐलुमिनियम (b) सिलिका एवं मैग्नीशियम
   (c) सिलिका एवं निकेल (d) लोहा एवं निकेल

26. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
   (a) महाद्वीप मुख्यतः ग्रेनाइट चट्टानों से निर्मित है।
   (b) महासागरीय बेसीन में बेसाल्ट चट्टान की प्रधानता है।
   (c) कोर (core) को बेरीस्फीयर के नाम से भी जाना जाता है।
   (d) पृथ्वी के समस्त आयतन का लगभग 68% एवं द्रव्यमान का 83·5% मेंटल में व्याप्त है।

27. भू-गर्भ में तापमान वृद्धि का कारण है—
   (a) दबाव (b) रेडियोसक्रिय पदार्थों का विखण्डन
   (c) उपर्युक्त दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

28. गहराई में वृद्धि के अनुसार महाद्वीपीय भू-पटल के विभिन्न परतों का सही क्रम है—
   (a) परतदार, ग्रेनाइट, बेसाल्ट (b) परतदार, बेसाल्ट, ग्रेनाइट
   (c) ग्रेनाइट, परतदार, बेसाल्ट (d) ग्रेनाइट, बेसाल्ट, परतदार

29. भूपर्पटी पर पाए जाने वाले निभिन्न तत्त्वों की मात्रा का सही अवरोही क्रम है—
   (a) ऑक्सीजन, सिलिकन, लोहा, ऐलुमिनियम
   (b) सिलिकन, ऑक्सीजन, ऐलुमिनियम, लोहा
   (c) लोहा, सिलिकन, ऑक्सीजन, ऐलुमिनियम
   (d) ऑक्सीजन, सिलिकन, ऐलुमिनियम, लोहा

30. पृथ्वी के भूपर्पटी में कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है ?
   (a) कैल्शियम (b) ऐलुमिनियम
   (c) लोहा (d) पोटैशियम

31. धरातल से मोहो असम्बद्धता की गहराई लगभग कितनी है ?
   (a) 30 किमी (b) 100 किमी
   (c) 200 किमी (d) 700 किमी

32. पृथ्वी ग्रह की संरचना में प्रावार (Mantle) के नीचे क्रोड निम्नलिखित में से किस एक से बना है ?
   (a) ऐल्युमीनियम (b) क्रोमियम
   (c) लौह (d) सिलिकॉन *[IAS, 2009]*

33. वलन क्रिया किसका परिणाम है ?
   (a) महादेशजनक बल (b) भू-विक्षेपीय बल
   (c) पर्वत निर्माणकारी बल (d) बहिर्जात बल *[BPSC, 2011]*

34. मिश्रित धातुओं और सिलिकेटों से बनी धरती की परत कहलाती है—
   (a) सिएल (b) साइमा
   (c) प्रावार (d) निफे *[SSC, 2013]*

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (d) | 3. (b) | 4. (d) | 5. (b) | 6. (c) | 7. (b) | 8. (b) | 9. (c) | 10. (d) | 11. (d) | 12. (b) | 13. (c) |
| 14. (c) | 15. (d) | 16. (d) | 17. (b) | 18. (b) | 19. (c) | 20. (b) | 21. (b) | 22. (c) | 23. (c) | 24. (a) | 25. (d) | 26. (d) |
| 27. (c) | 28. (a) | 29. (d) | 30. (b) | 31. (a) | 32. (c) | 33. (c) | 34. (a) | | | | | |